# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने भिंड प्रशासन सख्त, उड़नदस्ते गठित

## ग्राम स्तर तक निगरानी व्यवस्था, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत होगी कड़ी कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 20 अप्रैल।** अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले सामूहिक एवं एकल विवाह समारोहों में बाल विवाह की रोकथाम हेतु जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारी करते हुए विशेष अभियान शुरू किया है। कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा के निर्देश पर जिले के सभी विकासखंडों में बाल विवाह रोको उड़न दस्ता का गठन किया गया है, जो खंड स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक सक्रिय रहेगा। प्रशासन द्वारा यह कदम बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के प्रभावी क्रियान्वयन और बाल विवाह की घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।




**खंड स्तर पर गठित उड़नदस्ता**

विकासखंड भिंड, अटेर, लहार, रौन, मेहगांव एवं गोहद में गठित उड़न दस्तों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), तहसीलदार, परियोजना अधिकारी (एकीकृत बाल विकास परियोजना) को नोडल अधिकारी के रूप में शामिल किया गया है। इसके अलावा नगर निरीक्षक एवं संबंधित थाना प्रभारी उप-नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे।

**ग्राम स्तर पर भी सख्त निगरानी:** ग्राम स्तर पर बनाए गए दस्तों में हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, सरपंच, पंच, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्व-सहायता समूह की सदस्य, शौर्यदल सदस्य एवं संबंधित बीट प्रभारी को शामिल किया गया है।

**सूचना मिलते ही होगी कार्रवाई:** प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बाल विवाह की सूचना प्राप्त होते ही उड़न दस्ता तत्काल मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करेगा। दोषियों के विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, प्रत्येक कार्रवाई का प्रतिवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, भिंड को भेजना अनिवार्य किया गया है।

**जागरूकता पर भी जोर:** प्रशासन द्वारा बाल विवाह रोकने के साथ-साथ जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, जिससे समाज में इस कुप्रथा के प्रति जागरूकता बढ़े और बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से समाप्त किया जा सके।

# पुरानी रंजिश में भांजे ने मामा को पीटकर हाईवे पर फेंका, गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया

## मालनपुर थाना क्षेत्र की घटना, 112 की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया, आरोपियों पर मामला दर्ज

**भिंड, 20 अप्रैल।** मालनपुर थाना क्षेत्र में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई, जहां पुरानी रंजिश के चलते भांजे ने अपने मामा को बेरहमी से मारपीट कर घायल अवस्था में हाईवे पर फेंक दिया। घटना देर रात करीब 12:30 बजे 719 हाईवे पर वाराहेट पेड़ा के पास की बताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार, घायल जितेंद्र झा पुत्र घनश्याम झा निवासी करेरा (जिला शिवपुरी) सड़क किनारे गंभीर हालत में पड़ा मिला। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 को बुलाया गया, जिसके माध्यम से




घायल को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अंकित (भांजा) ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पुरानी रंजिश के चलते जितेंद्र झा के साथ मारपीट की और गंभीर रूप से घायल कर मौके से फरार हो गया। घायल को पीटने के बाद आरोपियों ने उसे सड़क पर ही छोड़ दिया। मालनपुर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# पुलिस फायर स्टेशन पर अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**मालनपुर, 20 अप्रैल।** पुलिस फायर स्टेशन मालनपुर पर सोमवार को अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में औद्योगिक क्षेत्र मालनपुर के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं समस्त पत्रकारगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी पुलिस अग्निशमन सेवा मालनपुर सतीश चतुर्वेदी ने अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्ष 1944 में मुंबई बंदरगाह पर मालवाहक समुद्री जहाज में भीषण अग्निदुर्घटना हुई थी।

उस दौरान आग पर नियंत्रण पाते हुए 66 दमकल कर्मी वीरगति को प्राप्त हुए थे। शहीद दमकल कर्मियों की स्मृति में एवं उस हादसे को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 14 अप्रैल से




20 अप्रैल तक 'अग्निशमन सेवा सुरक्षा सप्ताह' मनाया जाता है। इस सप्ताह के दौरान विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों, स्कूलों, अस्पतालों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आग से बचाव एवं सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया जाता है।

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि मालनपुर में भी सप्ताह भर चलाए गए जागरूकता अभियान का आज दिनांक 20 अप्रैल को सफलतापूर्वक समापन किया गया। समारोह के अंत में प्रभारी निरीक्षक सतीश चतुर्वेदी द्वारा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए समस्त गणमान्य अधिकारियों, कर्मचारियों, नागरिकों एवं पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर संजय सिंह कुशवाह सूर्य रोशनी, अभिषेक पांडे नोवा, अजय पाल सिंह यादव इंडियन ऑयल, आलोक वी आर एस, दिनेश सिंह तोमर एस आर एफ आदि कंपनी प्रबंधन एवं संजू सागर नगर परिषद मालनपुर के अलावा क्षेत्र के पत्रकार गण मौजूद रहे।

## तमिलनाडु चुनाव प्रचार पर आज रहेंगे मुख्यमंत्री

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 अप्रैल को तमिलनाडु में एक दिवसीय चुनावी दौरे पर रहेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव तमिलनाडु की रासिपुरम और अविनाशी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव दोपहर 1.00 बजे भोपाल से कोयंबटूर के रासिपुरम विधानसभा पहुंचेंगे. दोपहर 01.20 बजे रासिपुरम विधानसभा में बैठक लेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव सायं 4.30 बजे अविनाशी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी डॉ. एल. मुरूगन के समर्थन में प्रचार करेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोयंबटूर से सायं 6.15 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे.

## ट्रक की टक्कर से दो युवकों की मौत

**मैहर.** जिले के बंधी गांव के समीप आज सोमवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई.

## फूप व टीकरी कला में विधिक साक्षरता शिविर

# बाल विवाह रोकने व कानूनी अधिकारों पर ग्रामीणों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 20 अप्रैल।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं के.एस. बारिया के मार्गदर्शन में ग्राम टीकरी कला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूप में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में अनुभूति गुप्ता एवं देवेश शर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है, जो बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और उनके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के कारण बच्चों को हिंसा, शोषण एवं यौन उत्पीड़न का खतरा बना रहता




है। यह कुप्रथा लड़कियों के साथ-साथ लड़कों के भविष्य को भी प्रभावित करती है। बाल विवाह रोकने के लिए शासन द्वारा नुक्कड़ नाटक, रैली और सेमिनार जैसे विभिन्न माध्यमों से लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी बताया कि यदि किसी बालक या बालिका का विवाह कम उम्र में हो जाता है, तो वह जिला न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर उसे शून्य घोषित करवा सकता है।

**गरीबी उन्मूलन योजनाओं की भी दी जानकारी:**

इसके अलावा डॉ. मनोज कुमार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूप में आयोजित शिविर में आमजन को गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं उनके लाभों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सलाह एवं सहायता उपलब्ध कराने की जानकारी दी गई।

**ग्रामीणों की रही सहभागिता**

कार्यक्रम में ग्राम टीकरी कला के ग्रामीणजन, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फूप के चिकित्सकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री रामाधर पुरोहित (पीएलवी) सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी सहभागिता की। शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कानूनी जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक कुरीतियों के प्रति सजगता लाने का प्रयास किया गया।




# भोमिया सरकार मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा 30 से

## मेहगांव क्षेत्र में महाकुंभ भंडारे की तैयारी

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 20 अप्रैल।** जिले के सुप्रसिद्ध प्राचीन मंदिर भोमिया सरकार में 30 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही श्रीमद् भागवत कथा को लेकर पूरे मेहगांव क्षेत्र में आस्था और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है। आयोजन को महाकुंभ जैसी भव्यता देने हेतु तैयारियाँ युद्धस्तर पर जारी हैं। गाँव-गाँव में घर-घर जाकर निमंत्रण दिए जा रहे हैं। टमटमों, गाड़ियों एवं अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विशेष रूप से चूल का न्यौता, कंदोनी का न्यौता और धुआँ बंद का न्यौता जैसी पारंपरिक पद्धतियों से हर व्यक्ति को श्रद्धापूर्वक आमंत्रित किया जा रहा है।

आयोजन समिति द्वारा सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने हेतु जिम्मेदारियाँ सौंप दी गई हैं। भोजन, आवास, यातायात, सुरक्षा एवं संत-महात्माओं के स्वागत की तैयारियाँ तेजी से अंतिम चरण में हैं। देश-प्रदेश से बड़ी संख्या में संत-महात्मा एवं श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन में शामिल होंगे, जिससे क्षेत्र में भक्तों का विशाल सैलाब उमड़ने की संभावना है। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर हरिओम दास जी महाराज ने समस्त श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कथा में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि जहाँ हृदय में भगवान का वास होता है, वहाँ सभी विघ्न अपने आप दूर हो जाते हैं।

मीडिया प्रभारी प्रमोद चौधरी ने बताया कि सभी अधिकारी, ग्रामवासी एवं भक्तगण मिलकर इस महायज्ञ को सफल बनाने में पूर्ण समर्पण के साथ जुटे हुए हैं। समय निकट है और कार्य तीव्र गति से पूर्ण किए जा रहे हैं, जिससे यह आयोजन ऐतिहासिक और स्मरणीय बन सके।

जहाँ राम का नाम है, वहाँ हर कष्ट का अंत,

भक्ति की ज्योति जलते ही मिट जाता है हर भ्रांत। जहाँ सच्ची श्रद्धा और भगवान का स्मरण होता है, वहाँ जीवन की समस्याएँ स्वतः समाप्त होने लगती हैं। भक्ति मन को शांति, स्पष्टता और सही मार्ग प्रदान करती है। यह आयोजन केवल एक धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संस्कृति, आस्था और सामाजिक एकता का महापर्व बनकर उभर रहा है, जिसमें हर वर्ग के लोग बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं।



## संत समिति की पदयात्रा चौथे दिन भी जारी, दबोह पहुंची श्रद्धालुओं की टोली

**भिंड, 20 अप्रैल।** जिले में संत समिति के जिला अध्यक्ष कालिदास महाराज के नेतृत्व में निकाली जा रही पदयात्रा सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही। 17 अप्रैल से प्रारंभ हुई यह धार्मिक पदयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ विभिन्न क्षेत्रों से गुजरते हुए आगे बढ़ रही है। सोमवार को यात्रा मिहोना स्थित बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई शाम के समय दबोह के प्रसिद्ध रणकौशला देवी मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा संतों का स्वागत किया गया तथा धार्मिक सभाओं का आयोजन भी किया गया। पदयात्रा के दौरान कालिदास महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि समाज में शांति, सद्भाव और संस्कारों को बनाए रखने के लिए धार्मिक आस्था का विशेष महत्व है। उन्होंने लोगों से अपने जीवन में सदाचार अपनाने और समाजहित में कार्य करने की अपील की। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं, जो भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। आयोजकों के अनुसार आगामी दिनों में भी यह पदयात्रा विभिन्न गांवों और कस्बों से होकर गुजरते हुए धार्मिक संदेश का प्रसार करेगी।




## समस्त पापों की मुक्ति का आधार है श्रीमद् भागवत कथा : आचार्य कटारे

**राम नाम के बिना जीवन का कोई सार नहीं : महंत श्री मदन मोहन गिरी महाराज**

**गोरमी, 20 अप्रैल।** क्षेत्र के सुप्रसिद्ध श्री शिव शक्ति धाम मानहड़ मैं चल रही श्रीमद् भागवत कथा कि आज दूसरे दिन कथा व्यास श्री राम अवतार कटारे ने कहा समस्त पापों का नाश करती है श्रीमद् भागवत कथा, उन्होंने कहा कि जब राजा परीक्षित को श्राप लगा 7 दिन में मृत्यु होने की बात कही तब महाराज परीक्षित व्याकुल उठे, इस दौरान महर्षि सुखदेव ने उन्हें श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा समस्त पापों का नाश करती है ईश्वर की ओर प्रेरित करती है यह ईश्वर की ओर ले जाने का एक मार्ग है, स्मार्ट पर चलकर कोई व्यक्ति नरक ग्रामीण नहीं हो सकता वह सभी पापों से मुक्त होकर परमधाम को जाता है,

इस दौरान मंदिर के महंत श्री मदन मोहन गिरी महाराज ने कहा जीवन में शांति और सद्भावना यदि चाहिए प्रतिक्षण राम नाम का स्मरण करते रहना चाहिए क्योंकि राम नाम है सर्वोच्च है जीवन जीने की शक्ति, उन्होंने कहा कि जीवन की शक्ति राम नाम में निहित है अतः हम सबको अपने व्यस्ततम जीवन से कुछ क्षण निकाल कर राम नाम का स्मरण करते रहना चाहिए, राम का नाम ही परम पावन है यह पतित का पवन है, पतितो का भी उद्धार करने वाला है, आज की इस काव्य कथा का आनंद परिचित शकुंतला शिवशरण सिंह भदोरिया सहित हजारों श्रद्धालुओं ने लिया।

# नदना में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महिलाओं को किया जल संरक्षण के लिए जागरूक

## म.प्र. जन अभियान परिषद के निर्देशन में आयोजित बैठक में जल बचाने का लिया संकल्प, योजनाओं की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**भिंड, 20 अप्रैल।** रौन विकासखंड की ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम नदना में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद रोन के निर्देशन में नवांकुर संस्था जसावली सरकार समाज सेवा मंडल नदना द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महिलाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना और जल के महत्व को समझाना रहा।



संस्था के सचिव रामवीर सिंह ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए जल की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जल जीवन का आधार है और इसके बिना जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जल का अत्यधिक दोहन होने से भूजल स्तर लगातार गिर रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट बन सकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि घरों में पानी की मोटरों से निकलने वाले पानी को व्यर्थ न बहाएं और जल का सदुपयोग करें। बैठक में महिलाओं को अपने घरों में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया, ताकि पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। इस दौरान उपस्थित सभी महिलाओं ने जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी गई। मुख्यमंत्री सामुदायिक क्षमता नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के बारे में बताते हुए कहा गया कि 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुके युवक-युवतियां बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम में प्रवेश लेकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना और स्पॉन्सर योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिन बच्चों के माता-पिता या पिता का निधन हो गया है, उन्हें सरकार द्वारा 18 वर्ष की आयु तक प्रतिमाह 4000 रुपये की सहायता दी जाती है। बैठक के अंत में संस्था के कोषाध्यक्ष मुनेस ने सभी उपस्थित महिलाओं का आभार व्यक्त किया और जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## अब तक मध्यप्रदेश में 4547 सिलेण्डर हुए जब्त

**भोपाल, 20 अप्रैल.** मध्य पूर्व के हाल के घटनाक्रमों के चलते मध्यप्रदेश में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिये निरंतर कार्रवाई की जा रही है, अभी तक 2938 स्थानों पर जांच की गई, 4547 एलपीजी सिलेण्डर जब्त किये गए तथा 12 प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कराई गई.प्रशासन के अनुसार प्रदेश के 765 रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पंप) की जांच कराई गई है. इसमें 2 प्रकरण में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है. प्रदेश के समस्त जिला आपूर्ति नियंत्रक/अधिकारी एवं ऑयल कंपनी के अधिकारियों को सतत् रूप से पेट्रोल पंपों की जांच करने के निर्देश दिये गये हैं. प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है. राज्य सरकार ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि पीएनजी पाइपलाइन जिन क्षेत्रों में बिछ चुकी है, उस क्षेत्र के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें. इससे उन्हें गैस सिलेंडर लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी. गैस की सतत आपूर्ति होगी.

# अमाहा गांव में बड़ी चोरी, घर का ताला तोड़कर नकदी-जेवरात पार

**परिवार शादी में गया था, करीब 90 हजार का सामान चोरी**

**भिंड, 20 अप्रैल।** दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम अमाहा में चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना 18-19 अप्रैल की दरमियानी रात की बताई जा रही है, जब परिवार शादी समारोह में शामिल होने बाहर गया हुआ था।

फरियादी रिंकू कुशवाह पुत्र जगत सिंह कुशवाह ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह 18 अप्रैल को अपनी पत्नी प्रियंका कुशवाह और बच्चों के साथ इंदरगढ़ के पास एक गांव में शादी समारोह में शामिल होने गया था। घर पर उसके माता-पिता बाहर बैठक में सो रहे थे, जबकि भाई दीपू अपने बच्चों के साथ अंदर कमरे में सो रहा था। 19 अप्रैल की सुबह जब भाई की नींद खुली तो उसने देखा कि कमरे का दरवाजा खुला हुआ है और ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाकर देखा तो संदूक की कुंडी कटी हुई थी और सामान बिखरा पड़ा था। इसके बाद परिवार



के अन्य सदस्यों को सूचना दी गई। चोर संदूक में रखे सोने-चांदी के जेवरात और अन्य सामान चोरी कर ले गए। चोरी गए सामान में चांदी की पायल, तोड़िया, कमर पेटी, सोने का हार, झुमकी, बेसर, बेंदी, ओम की तावीज, चांदी के बिछिया सहित करीब 10 कीमती साड़ियां शामिल हैं। चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 90 हजार रुपये बताई गई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है।


**CHANGE OF NAME**

I, hither to know as(old name) **SAROJ KUARI** w/o **RAMNATH TOMAR** aged 44 by falth Hindu Resident of at GRAM KALYANPURA POST KACHONGRA -DIST-BHIND (M.P) 477332. (as per your address proof your submit) have changed my name and shall hereafter be knows as(New name) **REEMA**
It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection